दीमक और दीमक के टीले

'दीमक' एक छोटा कीट हैं। इसके नरम शरीर का रंग सफेदी भूरा होता हैं। चींटियों और मधुमक्खियों की तरह, दीमक बड़े समूह में रहते हैं, जिसे "कॉलोनी" कहा जाता है।

'**मजदूर दीमक**' टीले का निर्माण करते हैं, भोजन ढूंढते हैं, कवक का बगीचा उगाते हैं, और रानी व उसके बच्चों की देखभाल करते हैं।

'**सैनिक दीमक**' कॉलोनी को हमले से बचाते हैं और टीले को हुए कोई भी नुकसान का तीव्रता से सुधारण करते हैं।

एक ही कॉलोनी में लाखों दीमक रह सकते हैं। दीमक लकड़ी और मृत पौधों से लेकर जानवरों के गोबर तक कई तरह की चीजें खाना पसंद करते हैं।

कॉलोनी में प्रत्येक दीमक का अपना काम होता है: मजदूर, सैनिक, राजा, या रानी।

'**राजा और रानी दीमक**' की ज़िम्मेदारी होती हैं नई कॉलोनी शुरू करना। पूरी कॉलोनी में केवल रानी ही अंडे दे सकती है। उसकी देखभाल कार्यकर्ता और सैनिक करते हैं। वह एक दिन में ३०,००० अंडे तक पैदा कर सकती है!

चलो देखें दीम

दीमक निर्माता होते हैं। वे मिट्टी, पानी, और अपनी थूंक से बड़े बड़े टीले (घोंसले) बनाते हैं। मिट्टी के छोटे छोटे गोले दीमक के लिए 'ईंट' माफिक होते हैं। वे अपना टीला ईंट को ईंट से जोड़कर बनाते हैं, बिलकुल जैसे इंसान इमारतें बनाते हैं।

दीमक के टीले बनाने में ४-५ साल तक लग सकते हैं।



दीमक के टीले
युवान इंसान की कद से ५ गुना
लम्बे हो सकते हैं -- बेसमेंट से ले
कर चिमनी तक!
आप अपने आस-पड़ोस
में दीमक के टीले की ऊँचाई का
अनुमान लगाएँ।

क का टीला !

दीमक के टीले के अंदर
होते कार्यक्रम की झलक

वायुसंचार

टीले में छोटे छेद होते हैं जो बाहरी हवा को प्रवेश देते हुए घर को हवादार रखता हैं।

केंद्रीय चिमनी

यह टीले का वह हिस्सा है जिसमें अनेक टनल (सुरंगों) एक दुसरे से मिल कर फिर जुदा होते हैं। टीले से गर्म हवा ऊपर उठती है और वातावरण में मिल जाती है। टीले में ठंडी हवा के संचार से वे ठंडा रहता हैं।

भूमिगत घोंसला (ज़मीन के नीचे)

दीमक अपना ज्यादातर समय जमीन के नीचे घोंसले में बिताते हैं। टीले के इस हिस्से में रानी के लिए खास कमरा होता है जहां वह अंडे देती है। इधर एक 'नर्सरी' भी पाई जाती हैं, जहां बच्चों की देखभाल होती है। यहां कार्यकर्ता दीमक कवक (फंगस) का बगीचा बनाते हैं और उसकी देखभाल करते हैं।

प्रवेश और निकास

टीले की तलहटी पर कई प्रवेश मार्ग हैं जिसके इस्तेमाल से दीमक रात की ठंड में भोजन एकत्र करने के लिए निकलते हैं।

तहखाना (बेसमेंट)

यह टीले का सबसे ठंडा हिस्सा होता है। यह टीले से नमी खींच लेता हैं और ठंडी हवा का संचार जारी रखता हैं।

चलो दीमक का टीला ढूंढे!

अपने पड़ोस में टहलने जाएं और देखें कि क्या आप को कहीं टीला दिख रहा हैं? जहां भी टीला दिखे, उन जागों के नाम का नॉट बनाए। अपने अवलोकन लिखिए और चित्रित कीजिए।

बरसात के मौसम में आप को अपने घर के अंदर और सड़कों की लाइट के पास पंखों वाले दीमक दिखाई देंगे। ये पंख वाले दीमक अभी-अभी जमीन से निकले हुए हैं और एक नई कॉलोनी शुरू करने की चाह रखते हैं।

आपने छिपकलियों, चमगादड़, और पक्षियों को दीमक का शिकार करते हुए और खाते हुए देखा होगा!

कुछ लोग दीमक के टीले को चींटी या सांप का टीला समझते हैं। कभी कभी चींटियाँ टीले के आस-पास नज़र आती हैं। सांप कभी कबार दीमक के टीले में खाली कमरा ढूंढ कर उसमे आराम भी करते हैं। दीमक के टीले को आप किस नाम से जानते हैं?

क्या आपने दीमक के टीले के पास देवी-देवताओं की तस्वीरें या फूलों की माला देखी है? इस बारे में आपके मित्र, माता-पिता, या शिक्षक से पूछें। दीमक और टीले के बारे में लोगों के विचार व लोककथा एकत्र करें।

दीमक में भरपूर प्रोटीन होता हैं और कई लोग बारिश के मौसम में इन्हे पकड़ कर खाते हैं। क्या आपने कभी दीमक खाया है? दीमक को इस्तेमाल करती कोई स्वादिष्ट पाक विधि ढूंढे और अपने दोस्तों को बताए।



This work is licensed to Nature Classrooms under CC BY-SA 4.0

Nature Classrooms

nature conservation foundation

science for conservation

चित्रांकन : रवि जांभेकर

हिंदी अनुवाद : ए . अश्री